an>

Title: Need to provide clean and safe drinking water to people in Kairana Parliamentary Constistuency, Uttar Pradesh.

श्री हुकुम सिंह (कैराना) ः देश की राजधानी दिल्ली के सभी प्रमुख चिकित्सालयों में रोगियों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि कोई भी चिकित्सालय समुचित उपचार देने में समर्थ नहीं हो पा रहा है। यही स्थिति देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित चिकित्सालयों की है। मिलावटी खान-पान व दूषित पेयजल के उपयोग के कारण हैपेटाइटिस बी, सी, कैंसर, गुर्दे व हृदय रोग जैसी भयंकर बीमारियां बढ़ती जा रही हैं। प्रमुख नदियां हों या स्थानीय जलाशय सभी का पानी पूर्ण रूप से जहरीला हो चुका है। उद्योगों द्वारा भी जहरीले रसायन सीधे नदियों में प्रवाहित किए जा रहे हैं। निजी नलों के द्वारा उपलब्ध ऊपरी स्तर का पानी पूर्णतः जहरीले रसायनों से युक्त हो चुका है। मेरे लोक सभा क्षेत्र कैराना जनपद शामली के अंतर्गत 3 विधान सभा जनपद शामली में है तथा 2 विधान सभा (नकुड़ व गंगोह) जनपद सहारनपुर में है। इन पांचों विधान सभाओं में विशेष रूप से ग्रामीण आंचलों में स्वच्छ जल न मिलने की वजह से बीमारियों ने महामारी का रूप धारण कर लिया है। एक भी गांव ऐसा नहीं है जहां कैंसर, हैपेटाइटिस-सी, हृदय रोग के मरीज न हो एवं रोगग्रस्त मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जनपद सहारनपुर में ननौता विकास खण्ड के पास कृष्णा नदी के तट पर बसे गांव भनेडा खेमचन्द की स्थिति तो यह हो चुकी है कि नदी प्रदूषण के परिणामस्वरूप गांव के दर्जनों लोग कैंसर व अन्य रोगों से ग्रसित होकर अपने प्राण त्याग चुके हैं। नदी की स्थिति यह है कि सामान्य व्यक्ति के लिए किनारे पर खड़ा होना भी संभव नहीं है। निरंतर स्थानीय स्तर पर प्रयास करने के बावजूद अभी तक कोई समाधान नहीं हो सका है।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि इन पांचों विधान सभाओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पानी की टंकी स्थापित की जाये तथा नदी को प्रदूषित करने वाले समस्त औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर कड़ी कार्यवाही की जाये।